




नवभारत 04
इंदौर, शुक्रवार ,21 नवम्बर, 2025


# जुआं खेलते 12 गिरफ्तार, 10 बाइक, 13 मोबाइल जब्त

## कार्रवाई करते हुए जुआरियों से 8 लाख 65 हजार 120 रुपए का मश्रुका बरामद किया



नवभारत न्यूज़

**कसरावद।** जिले में अवैध रुप से चल रहे जुआं अड्डों के खिलाफ पुलिस सख्त रुख अपना रही है। लगातार दूसरे दिन जिले में रुपए- पैसे से जुआं खेलने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 12 जुआरियों से 8 लाख 65 हजार 120 रुपए का मश्रुका बरामद किया है। मामले का खुलासा करते हुए कसरावद पुलिस ने बताया कि बुधवार- गुरुवार की दरमियानी रात मोगावां रोड़ स्थित सचिन पाटीदार के खेत में बनी टापरी पर जुआं खेलने की सूचना मिली थी। सूचना पर टीम गठित कर मौके पर भेजी गई। यहां घेराबंदी कर दबिश दी। टपरी में दीपक पिता भगवान सिंह सोलंकी निवासी नया नगर कसरावद, जितेन्द्र पिता शंकर लाल पाटीदार निवासी पाटीदार मोहल्ला कसरावद, लखन पिता दशरथ वर्मा निवासी कहार मोहल्ला कसरावद, कमलेश पिता शंकर लाल पाटीदार निवासी पाटीदार मोहल्ला कसरावद, सत्तेन्द्र पिता सुभाषचन्द्र पाटीदार निवासी पाटीदार मोहल्ला कसरावद, सचिन पिता सुभाष पाटीदार निवासी पाटीदार मोहल्ला कसरावद, पारस पिता विजय पालीवाल निवासी ग्रिड मोहल्ला कसरावद, विजय पिता आशाराम कुशवाह निवासी कसरावद, रवि पिता राधेश्याम पाटीदार निवासी पाटीदार मोहल्ला कसरावद, लल्ली पिता संतोष पाटीदार निवासी पाटीदार मोहल्ला कसरावद, यश पिता गणेश सोनी निवासी कसरावद और सचिन पिता जितेश पाटीदार निवासी कसरावद जुआं खेलते पकड़े गए। मौके पर मिले बारह व्यक्तियों के कब्जे से पुलिस टीम को कुल नगदी 1लाख 65 हजार 120 रूपये, 10 बाईक एवं 13 मोबाईल फोन जब्त किए है।

## 1 किलो 120 ग्राम गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार अल्टो कार में हो रही थी तस्करी




**खरगोन।** पुलिस जिले में अवैध गांजे की खेती के साथ ही चोरी-छिपे हो रही तस्करी पर भी कड़ी निगरानी रख रही है। गुरुवार को करही थाना पुलिस ने अल्टो कार में हो रही गांजे की तस्करी का खुलासा किया है।

इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 56हजार 110 रुपए मूल्य का एक किलो 120 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मुखबीर की सूचना पर भुदरी रोड़ नहर के कच्चे रास्ते पर घेराबंदी की गई। यहां से गुजर रही कार क्रमांक एमपी 09 एचई 7826 को रोका गया। कार सवार ने अपना नाम गोविन्द पिता अम्बाराम सेन निवासी ग्राम मातमुर बागली जिला देवास का होना बताया। कार की तलाशी लेने पर 01 किलो 120 ग्राम बरामद किया गया। मामले में गोविंद के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

## पशु चिकित्सालय का भृत्य खेत के कुएं में फांसी पर झूलता मिला



**गोगावा।** थाना क्षेत्र में बुधवार को एक दुखद घटना सामने आई है थाना प्रभारी मंशाराम रोमडे ने जानकारी अनुसार बताया की यहा के पशु चिकित्सालय में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी राधेश्याम चौहान 60 वर्ष बुधवार को एक पड़ोसी के खेत में बने कुएं में रस्सी के फंदे से लटकता मिला था जिसकी मौके पर ही मौत हो गई थी मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया हे बयानों के आधार पर जो भी तथ्य सामने आएंगे कारवाई की जायेगी ।जानकारी अनुसार मालूम हुआ कि राधेश्याम शाम को नौकरी से ड्यूटी करने के बाद अच्छा भला घर गया और घर से स्वजन को खेत में जाने का बोलकर गया जब देर रात हुई और वह घर नही लोटा तो स्वजन उसे तलाश करते हुए खेत में पहुंचे वहा तलाश करने के बाद पड़ोस के एक खेत में बने कुएं के समीप पहुंचे जब कुएं में झांककर देखा तो राधेश्याम रस्सी के फंदे से लटक रहा था स्वजन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कुएं से निकलवा कर मोका पंचनामा बनाया व शव को अस्पताल भेजा गया पुलिस ने गुरुवार शव का पोस्टमार्डम करवा कर स्वजन के सुपुर्द कर जांच में लिया हे। स्वजन अनुसार मालूम हुआ कि राधेश्याम को नौकरी से रिटायर्ड होने में अभी 18महीने का समय शेष बचा था।


## एक नजर में

### एक अच्छा नागरिक बनना शिक्षा का उद्देश्य है सिर्फ सरकारी नौकरी पाना नहीं है

**मंडलेश्वर।** आजकल शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ अच्छी नौकरी पाना ही समझा जाता है जबकि शिक्षा का उद्देश्य होता है एक अच्छा नागरिक बनाना ।यह प्रेरक उदगार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव चंद्रेश मंडलोई ने चित्रकला प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण के अवसर पर श्री कंवर तारा पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में व्यक्त किए ।वे राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडलेश्वर के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश श्री अखिलेश जोशी के मार्गदर्शन में न्यायोत्सव 2025 के तहत आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर रहे थे ।आपने कहा कि विद्यार्थी अच्छी पढ़ाई करे और देश के अच्छे नागरिक बने आपने विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट मोटर व्हीकल एक्ट राइट टू एजुकेशन बाल विवाह अधिनियम सहित विभिन्न कानूनी जानकारियां प्रदान की ।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वार मनाए गए न्यायोत्सव 2025 का उद्देश्य जनता को सुलभ एवं सहज न्याय उपलब्ध कराना है ।न्यायोत्सव के दौरान 01 नवंबर से 14 नवंबर तक विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आमजन तक विधिक सेवा के द्वारा निशुल्क न्याय प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया ।विधिक सेवा का उद्देश्य आम जन को धन के अभाव में न्याय से वंचित होने से बचाना है ।अब निर्धन व्यक्ति भी तहसील कोर्ट जिला कोर्ट हाय कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक न्याय प्राप्त कर सकता है उसके लिए गरीबी बाधा नहीं बन सकती ।अब आम जन के किसी भी प्रकरण में विधिक सेवा द्वारा निशुल्क अधिवक्ता प्रदान किया जा सकता है ।कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के डायरेक्टर श्री योगेश जोशी ने की संस्था के प्राचार्य डॉ भारत भूषण व्यास ने अतिथियों का स्वागत किया ।स्वागत भाषण में डायरेक्टर श्री योगेश जोशी ने कहा कि विधिक सेवा के माध्यम से स्कूली विद्यार्थियों को कानूनी रूप से साक्षर करने का कार्य किया जाता है जो उन्हें एक बेहतर नागरिक बनने में बड़ी भूमिका निभाएगा ।आभार उप प्राचार्य अभिजीत डोषी ने माना ।अतिथियों द्वारा चित्रकला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं कु अभिनिका ठाकुर प्रथम , कु आरती कुशवाह द्वितीय एवं कु परिधि भालसे तृतीय स्थान को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया ।समारोह में चित्रकला प्रतियोगिता के प्रभारी शिक्षक आदिल खान विमल करोले बलराम लछेटा सुश्री दुर्गा पाटीदार सर्वजीत सिंह सलूजा राजा चौहान एवं पी एल वी दुर्गेश राजदीप उपस्थित रहे।



### ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा शिकायत-पत्र



**कसरावद निप्र।** तहसील के ग्राम सामेडा के ग्रामीणों ने पंचायत में बढ़ती अव्यवस्थाओं और सरपंच-सचिव की कथित मनमानी के खिलाफ गुरुवार को एसडीएम कसरावद को शिकायत-पत्र सौंपकर तत्काल जांच की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में न तो पारदर्शिता है और न ही विकास कार्यों में किसी प्रकार की जवाबदेही दिखाई देती है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पंचायत सचिव एवं सरपंच द्वारा शासन की योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, शौचालय निर्माण, वृद्धावस्था पेंशन, आवास मरम्मत अनुदान तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को लाभ नहीं दिया जा रहा है। कई गरीब परिवार लंबे समय से पात्र होने के बावजूद सूची में शामिल होने का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन पंचायत स्तर पर पक्षपात और मनमानी के कारण उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत के कार्य बिना ग्राम सभा की अनुमति के मनमानी ढंग से किए जा रहे हैं और कई बार ग्राम सभा की बैठकें बुलाने की सूचना तक लोगों को नहीं दी जाती। बैठकें जब चाहे तब कर ली जाती हैं, जिसमें गांव के अधिकांश लोग शामिल नहीं हो पाते। इससे ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत के महत्वपूर्ण निर्णयों में जनता की भागीदारी समाप्त हो चुकी है। शिकायत-पत्र में यह भी उल्लेख किया गया कि पंचायत सचिव द्वारा ग्रामीणों के साथ असहयोगपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। ग्राम के वाटर मैन का भी 1 साल से ऊपर की मजदूरी बाकी है समस्याओं के समाधान के लिए किए गए आवेदन महीनों तक लंबित पड़े रहते हैं और पूछने पर टालमटोल की जाती है। पंचायत के खाते, खर्च और विकास कार्यों की प्रगति से संबंधित जानकारी भी सार्वजनिक नहीं की जाती, जिससे पारदर्शिता पूरी तरह समाप्त हो गई है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो गांव का विकास पूरी तरह रुक जाएगा और योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पाएगा। ग्रामीणों ने एसडीएम से पंचायत के सभी विकास कार्यों, खातों और योजनाओं की पात्रता सूची का विस्तृत ऑडिट करवाने की मांग की है। एसडीएम कार्यालय ने ज्ञापन प्राप्त कर मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है।

### सनावद में बहुप्रतीक्षित सड़कों का भूमिपूजन, चार वार्डों में 49 .25 लाख के विकास कार्य शुरू



**सनावद।** नगर के विभिन्न वार्डों में लंबे समय से जर्जर एवं क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत तथा नए निर्माण कार्यों का शुभारंभ गुरुवार को विधिवत भूमिपूजन के साथ हो गया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुनीता इंदर बिर्ला, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौर, पार्षद गजेंद्र उपाध्याय, दुर्गा सुनील माली एवं ज्योति गुप्ता ने फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर कार्यों का विधिवत शुभारंभ किया। नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सुनीता बिर्ला ने बताया कि वार्ड क्रमांक-13 में 10 लाख रुपये की लागत से पीरानपीर-शीतलामाता रोड (खरगोन रोड से गोविंदा ग्रीन कॉलोनी तक) तथा इंदौर-इच्छापुर हाइवे स्थित शिव मंदिर से गायत्री शक्तिपीठ तक सड़क की मरम्मत की जाएगी। वार्ड क्रमांक-14 में 27 लाख रुपये, वार्ड क्रमांक-17 में 4 .25 लाख रुपये की लागत से नई सड़कों का निर्माण तथा वार्ड क्रमांक-6 में 8 लाख रुपये से रिटेनिंग वॉल का निर्माण होगा। कुल मिलाकर चार वार्डों में 49 .25 लाख रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन एक साथ किया गया। नगरपालिका अध्यक्ष ने कहा कि नागरिकों की लंबित मांगों को प्राथमिकता देते हुए नगर पालिका द्वारा विकास कार्यों को तेज गति प्रदान की जा रही है। जनता की मंशा के अनुरूप शहर को सुविधा-संपन्न बनाने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र मिश्रा, पार्षद प्रतिनिधि दुर्गेश परिहार, राजेश पाल, मोहित यादव, श्याम जोशी, बद्री दगायां, श्रीराम पटेल, मोहम्मद जफीर, शकील बख्श, शाहिद शेख, जाकिर मलिक, ओंकार मेवाड़े, ठेकेदार पामू, मशरत शेख, असलम खान सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ आज

**भीकनगांव।** सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ कल बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भीकनगांव के खेल मैदान पर माननीय प्रभारी मंत्री महोदय एवं सांसद महोदय की उपस्थिति में किया जाएगा जो कि कब्बड्डी के खेल से होगा ।इस अवसर पर एक मैराथन दौड़ भी आयोजित की गई है जो माध्यमिक विद्यालय के खेल ग्राउंड से प्रारंभ होकर मोहन टॉकीज जैन मंदिर गांधी चौक होते हुए वापस बस स्टैंड व खेल मैदान पर पहुंचेगी इस मैराथन दौड़ का स्वागत झिरनिया रोड पर दीप ज्योति पब्लिक स्कूल, गांधी चौक पर पर वैश्य महासम्मेलन, खरगोन रोड पर लायंस क्लब द्वारा किया जाएगा उक्त जानकारी देते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री पटेल ने बताया कि इस आयोजन में भीकनगांव विकास खण्ड की सभी शासकीय व अशासकीय शालाओं के बच्चे भाग लेंगे।

## विधायक मेव और सीईओ सिंह ने निमाड़ उत्सव की तैयारियों का किया निरीक्षण



**महेश्वर निप्र।** विधायक श्री राजकुमार मेव और जिला पंचायत सीईओ आकाश सिंह ने महेश्वर के अहिल्या घाट पर आयोजित होने वाले निमाड़ उत्सव की तैयारियों की स्थल निरीक्षण कर व्यापक समीक्षा की। उन्होंने नर्मदा आरती, लाइट एंड साउंड शो, स्टेज और बैठक व्यवस्था, साफ सफाई, सुरक्षा, इत्यादि के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम सुश्री पूर्वा मंडलोई, सीएमओ श्री प्रियंक पंड्या, जनपद सीईओ श्रीमती रीना चौहान, नोडल अधिकारी श्री नीरज अमझरे सहित अन्य अधिकारी और समाजसेवी श्री विक्रम पटेल उपस्थित थे। सीईओ श्री सिंह ने इसके पश्चात निमाड़ उत्सव की खेल प्रतियोगिताओं के लिए उत्कृष्ट विद्यालय के मैदान जाकर निरीक्षण किया और खेल अधिकारी सुश्री पवी दुबे से तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। सुश्री दुबे ने उत्सव के दौरान आयोजित होने वाली कबड्डी, कुश्ती, रंगोली, मेंहदी और नौका सज्जा प्रतियोगिता तथा शालेय विद्यार्थियों की रैली की तैयारी की जानकारी दी।

## सनावद में मतदाता सूची शुद्धिकरण का कार्य जोरों पर, वार्ड-15 में सराहनीय पहल



**सनावद।** निर्वाचन आयोग भारत द्वारा संचालित स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (स्ढ्ढक्र) अभियान के तहत नगर पालिका सनावद के वार्ड क्रमांक 15 में मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं अद्यतनीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। इस कार्य में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने उल्लेखनीय समन्वय और लगन दिखाई है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रश्मि पाटीदार, शिक्षा विभाग के श्री दिलीप शाह, पदस्थ बीएलओ प्रेमलाल चौहान, श्री राजेश पवार, श्री फैयाज खान तथा नगर पालिका कर्मचारी संदीप शिंदे की टीम घर-घर जाकर आम जनता से संपर्क कर रही है। मृत, स्थानांतरित एवं अपात्र मतदाताओं के नाम हटाने तथा नए मतदाताओं का पंजीयन करने में यह टीम सराहनीय कार्य कर रही है। स्थानीय नागरिकों ने भी टीम को भरपूर सहयोग दिया है। टीम के सदस्यों ने न केवल अपने दायित्व का निर्वहन किया, बल्कि शासकीय कार्य को बेहतर ढंग से संपन्न करने की मिसाल पेश की है। मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और वार्ड-15 की यह टीम प्रशंसा की पात्र है। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार यह अभियान पूरे नगर में जारी है।

## विद्यालय के स्थापना दिवस के साथ वार्षिक उत्सव मन का आगाज़

**कसरावद निप्र। स्थानीय विद्यालय पैरामाउंट एकेडमी कसरावद का आज 20 वां स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।**

इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के संचालक सुरेन्द्र जी पांचोंटिया एवं लक्ष्मण पाटीदार उपस्थित रहे। विद्यालय के वटवृक्ष सुरेन्द्र जी पांचोंटिया ( मामाजी) का इसके साथ ही विद्यालय परिसर में कक्षा 4 से 11 तक के विद्यार्थियों द्वारा ट्रेड फेयर का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने विभिन्न विषयों विज्ञानमॉडल,खेलप्रतियोगिता , हस्तशिल्प, फूड स्टॉल, कला प्रदर्शनी एवं इनोवेशन से जुड़े स्टॉल लगाकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय में अभिभावकों के लिए भी खेल



जन्मदिवस भी मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन से हुई इसके पश्चात् विद्यालय के के कैडेट्स ने श्री सचिन पाटीदार एवं काजल राठौड़ के मार्गदर्शन में ध्येय गीत के साथ परेड हुई, जिसमें NCC के कैडेट्स ने अनुशासन और देशभक्ति से परिपूर्ण आकर्षक मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया।

परेड ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की आगे की कड़ी में विद्यालय की शिक्षिका कुमारी शिवानी पाटीदार के मार्गदर्शन में विद्यालय की छात्राओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के हेड बॉय नीरज पटेल एवं हेड गर्ल गौरी राठौर ने किया।

इस अवसर पर विद्यालय के वार्षिक उत्सव मन 2025 के थीम सांग के साथ वार्षिक खेल उत्सव का अनावरण किया गया। प्रतियोगिता आयोजित की गई ।अभिभावकों एवंआगंतुकों ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता और मेहनत की भरपूर सराहना की।

विद्यालय प्रबंधक महोदय श्री सुरेन्द्र जी पांचोंटिया ने अपने जन्मदिवस की शुभकामनाओं के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए इस सफल आयोजन के लिए सभी बच्चों को आगे भी इसी तरह उत्साहपूर्वक नए आयाम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ अखिलेश पाटीदार ने विद्यालय के 20 वर्षों की सफलता को एवं उपलब्धियों को बताया ।साथ ही निरंतर विकास के लक्ष्य के साथ काम करते रहने का मार्गदर्शन किया। प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों को व्यापारिक लेन-देन के साथ व्यापार करना सिखाया।

## मिनी अयोध्या मंडलेश्वर में श्रीराम-जानकी विवाह का आगाज

**मंडलेश्वर।** मां नर्मदा के किनारे बसे और 'मिनी अयोध्या' के नाम से विख्यात पवित्र नगर मंडलेश्वर में आज से भगवान श्रीराम और माता जानकी के पंचदिवसीय विवाह महोत्सव का भव्य शुभारंभ हो गया। नगर के लगभग 350 साल पुराने पेशवा कालीन जूना श्रीराम मंदिर में रामानंदी परंपरा के अनुसार आयोजित होने वाले इस महोत्सव 21 से 25 नवंबर की शुरुआत उस अलौकिक क्षण से हुई, जब विवाह में उपयोग होने वाले भगवान के दिव्य वस्त्र बड़े धूमधाम से मंदिर पहुँचे। पूरे नगर में भगवान राम-जानकी के विवाह को लेकर हर्षोल्लास का माहौल है। जगह-जगह भगवा ध्वज लहरा रहे हैं, जिससे वातावरण पूरी तरह राममय हो गया है।

**नरसिंह मंदिर से जूना राम मंदिर तक निकली भव्य 'वस्त्र यात्रा':-** विवाह कार्यक्रम की शुरुआत आज शाम 5 बजे सबसे महत्वपूर्ण रस्म वस्त्र यात्रा के साथ हुई। अग्रवाल समाज के लोग भगवान राम और माता जानकी के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए विवाह वस्त्रों को



लेकर श्री नरसिंह मंदिर से एक भव्य शोभायात्रा के रूप में जूना राम मंदिर पहुँचे। जूना राम मंदिर पहुंचने पर मंदिर के आचार्य श्री पंकज मेहता जी ने अन्य मंदिर परिवार के सदस्यों के साथ इन दिव्य वस्त्रों का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच स्वागत किया। अग्रवाल समाज की माता-बहनों और पुरुषों ने ये वस्त्र मंदिर समिति को भेंट किए। वस्त्रों के मंदिर में स्थापित होने के बाद, शाम 6 बजे भगवान श्री राम की भव्य आरती उतारी गई। इसमें अग्रवाल समाज की माता बहनों सहित नगर के अनेक श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और विवाह महोत्सव के सफल आयोजन के लिए प्रभु से प्रार्थना की।

**मोती और डायमंड जड़ी राजपूताना पोशाकें:-** इस विवाह महोत्सव की सबसे खास बात यह है कि वैश्य समाज की महिलाएं हर साल अपने निजी खर्च पर भगवान के लिए विशेष पोशाकें तैयार करती हैं और मंदिर समिति को निःशुल्क भेंट करती हैं। इस वर्ष, 10 महिलाओं की एक टीम ने 5 दिनों की मुख्य रस्मों के लिए कुल 15 दिव्य पोशाकें तैयार की हैं। वस्त्र तैयार करने वाली रानी अग्रवाल और रागिनी कानूनगो ने बताया कि इस बार लग्न विवाह के लिए विशेष रूप से लाल रंग की राजपूताना शैली की वेशभूषा तैयार की गई है। यह पोशाकें मोतियों, डायमंड और हीरे की जड़ाई से सुसज्जित हैं। महिलाओं ने बताया कि एक पोशाक में करीब 22 वस्त्र शामिल होते हैं और लग्न के जोड़े की कीमत 10 से 12 हजार रुपये तक आती है। वस्त्र बनाने वाली रानी अग्रवाल, रागिनी कानूनगो, अर्चना पाटीदार, सालोजी अग्रवाल, शीतल पाटीदार ने इसे अपने लिए भगवान की सेवा और सौभाग्य बताया।

## एक नजर में

### कार्यक्रम का शुभारंभ 'मां शारदा , प्रणवअक्षर , भारत माता' के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर सरस्वती वंदना के साथ हुआ

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सप्तशक्ति संगम का आयोजन

नवभारत न्यूज़

**बिस्टान निप्र।** मालवा प्रांत भारती दीदी, मुख्य अतिथि महिला कार्य, जिला संयोजिका खरगोन श्री मति वर्षा भटोरे दीदी थी अध्यक्षता कमला वोरे दीदी ने की । कार्यक्रम में कुटुंब प्रबोधन की भारतीय दृष्टि ,पर्यावरण के सम्बन्ध में भारतीय दर्शन और व्यवहार,भारत के विकास में महिलाओं का योगदान पर प्रकाश डाला। भारती दीदी ने इस अवसर पर कहा कि जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। भारतीय नारी मात्र एक व्यक्ति नहीं अपितु एक संपूर्ण चेतना है जो परिवार की आधारशिला, समाज की प्रेरणा, राष्ट्र की आत्मा है। भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति,




करुणा,ममता, समर्पण,त्याग का स्वरूप माना है। नारी सदैव माता ,पत्नी, बहन ,बेटी के रूप में विभिन्न भूमिकाओं में क्रमशः प्रेरणास्वरूप आशा की किरण बन कर जीवन के प्रत्येक चरण में कर्तव्य का अद्भुत समन्वय प्रस्तुत करती है। कार्यक्रम में विशिष्ट माताओं का सम्मान शील्ड देकर किया गया। प्रथम सम्मान कमला ओरे दीदी, जो इस विद्यालय की भूतपूर्व प्रधानाचार्य के पद पर रहकर लंबे समय तक अपनी सेवा प्रदान दी, द्वितीय सम्मान श्रीमती सोनू लोकेश को दिया



गया जो नगर की एक संयुक्त परिवार से महिला है,जो आज के इस युग में भी संयुक्त परिवार को चला रहे है। एवं तृतीय सम्मान निर्मला पिंटू प्रजापत को दिया गया इनके परिवार से सभी भैया बहनों ने इस विद्यालय से शिक्षा प्राप्त की कार्यक्रम में नगर की बालिकाएं व माताए भारत की वीरांगनाएं जैसे रानी दुर्गा बाई, रानी अवंती बाई, रानी लक्ष्मी बाई, अहिल्याबाई होलकर, मीरा बाई कल्पना चावला, लता मंगेशकर के वेशभूषा धारण कर पहुंची माताएं बहनो को भी पुरस्कृत किया गया ।